आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.08.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा–अग्निवीरों को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा– उत्तराखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीकों को बढ़ावा दिया जाएगा।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने मधुमेह की रोकथाम को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया।
- **और ...** मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है।

**अग्निवीरों**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि अग्निवीरों को भी विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए लगभग 50 प्रतिशत अग्निवीरों को उपनल के माध्यम से विदेशों में रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

हल्द्वानी में कुमाऊँ मंडल के नवनिर्मित उपनल कार्यालय भवन का उद्‌घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनल के माध्यम से प्रदेशभर में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है और सरकार विदेशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है और एक माह में विदेश सेवा से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों के साथ ही प्रदेश के योग्य युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीकों को बढ़ावा दिया जाएगा।

देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य से विकसित हो रही आधुनिक स्वास्थ्य तकनीकें देश और दुनिया के स्तर पर उत्तराखंड की नई पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों तक आवश्यक सेवाओं की पहुंच

आसान बनाई जा सकती है। विशेष रूप से दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों में पोर्टेबल स्वास्थ्य तकनीक उपयोगी साबित हो सकती है।

**टीएचडीसी टनल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश परं टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में हुए हादसे के बाद लापता दो लोगों की तलाश के लिए जिला प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान को और तेज कर दिया है। टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल हादसे लापता दोनों लोगों की तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस एवं जिला प्रशासन की टीमें युद्धस्तर पर सघन सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच से हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जाएगी और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद टनल से अब तक 20 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, टनल में फंसे दो लोगों की तलाश के लिए लगातार रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनतील जिले के हल्द्वानी–चोरगलिया– सितारगंज मार्ग में शेर नाला में 9.93 करोड़ रुपये की लागत से बने नव निर्मित 120 मीटर शेर नाला डबल लेन आरसीसी पुल का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है,इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि छोटी छोटी समस्याओं के लिए किसी को भी बार–बार चक्कर न लगाना पड़े, इसका ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार–2026 प्रदान करेंगे।मंत्रालय ने बताया है कि इस अवसर पर पेंशन मित्र पुस्तिका और देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र–डीएलसी अभियान–5 के दिशा–निर्देश भी जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान एक बैंक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इसमें 17 पेंशन वितरण बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए तैयार अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे।राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार योजना–2026 के लिए 15 कर्मचारियों का चयन किया गया है। इन पुरस्कार विजेताओं ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और पासपोर्ट सेवा केंद्र, पुराने नियमों को समाप्त कर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नए नियम बनाने, प्रशासन और लेखा व्यवस्था में तकनीकी बदलाव तथा ऊर्जा संरक्षण जैसी विभिन्न महत्वाकांक्षी सरकारी परियोजनाओं में योगदान दिया है।

## मधुमेह की रोकथाम

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मधुमेह की रोकथाम को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ग्रामीण भारत में मधुमेह की बढ़ती बीमारी से बचाव के लिए समुदाय, तकनीक और आंकडों पर आधारित कार्रवाई करने की आवश्कता है। डॉक्टर सिंह ने वर्चुअल माध्यम से भारत में मधुमेह के अध्ययन के लिए अनुसंधान सोसायटी –आर.एस.एस.डी. आई के 'डायबिटीज रूरल आउटरीच डिजिटल पोर्टल' का उद्घाटन किया और मधुमेह जागरूकता वीडियो लाइब्रेरी 'विश्वास' का शुभारंभ किया।

## लखपति दीदी

हरिद्वार जिले के पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र के ढंडेरी ख्वाजीपुर में लखपति दीदी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान अपने क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में लखपति दीदी योजना की लाभांवित महिला मिथिलेश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को संचालित करके महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योजना को लागू करके ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने का प्रयास किया है।

गौरतलब है कि लखपति दीदी योजना में मत्स्य पालन, पशुपालन और अन्य योजनाओं के जरिए महिलाओं को सब्सिडी और ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में अब तक करीब दो लाख 80 हजार महिलाएं इस योजना का लाभ उठाकर लखपति दीदी बन चुकी हैं।

**बैंडमिंटन चैंपियनशिप**

बी.डब्ल्यू.एफ विश्व बैंडमिंटन चैंपियनशिप आज से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही है। यह प्रतियोगिता, 23 अगस्त तक चलेगी। भारत दूसरी बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले, 2009 में यह चैंपिनशिप भारत में हुई थी। महिला सिंगल्स में पूर्व विश्व चैंपियन पी. वी. सिंधु आज अपना पहला मैच खेलेंगी। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पुरुष डबल्स में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी से भारत को पदक मिलने की उम्मीद है। महिला डबल्स में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चुनौती पेश करेंगी। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो भारत की अगुवाई करेंगे।

**महिला हॉकी**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने विश्व कप में अपने पहले मुकाबले में पूल डी में चीन को कड़ी टक्कर देते हुए 2–2 से ड्रॉ पर रोका। विश्वकप में कल भारतीय पुरूष हॉकी टीम पूल डी में अपने दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड के साथ खेलेगी।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई है। देहरादून और टिहरी में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है, जबकि 18 अगस्त को देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर के अधिकांश हिस्सों में भी भारी बारिश हो सकती है। भारी बारिश के दौरान संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और चट्टान गिरने से सड़क एवं राजमार्ग बाधित होने, नदियों–नालों के उफान पर आने और निचले इलाकों में जलभराव की आशंका है। मौसम विभाग ने यात्रियों और वाहन चालकों को सतर्क रहने और आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। चारधाम सहित पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को विशेष सावधानी बरतने, खड़ी ढलानों से दूरी बनाए रखने और सक्रिय भूस्खलन क्षेत्रों को पार न करने की सलाह दी गई है। नदी–नालों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने को कहा है।